# अब सुनले मेरी पुकार ओ खाटू वाले भजन लिरिक्स

अब सुनले मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले,
सब कुछ मैं गया हूँ हार,
ओ खाटू वाले,
अब सुनलें मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले।bd।

---

हारे का सहारा है तू,
सुना है ज़माने से,
मुझे भी बचा ले बाबा,
अब डूब जाने से,
मेरी नाव की बन पतवार,
ओ खाटू वाले,
अब सुनलें मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले।bd।

---

सीढ़ियां तेरे मंदिर की,
आंसुओं से धोऊँ मैं,
जग को हंसाने वाले,
तेरे आगे रोऊँ मैं,
मेरी हार है तेरी हार,
ओ खाटू वाले,
अब सुनलें मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले।bd।

---

बाबा सारी दुनिया की,
लिखे तकदीरें तू,
देख ले मेरे हाथों की,
फिर से लकीरें तू,
फिर कलम उठा इक बार,
ओ खाटू वाले,
अब सुनलें मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तूने तो फकीरों को भी,
बादशाह बनाया है,
हुई भूल मुझसे क्या जो,
ये दिन दिखाया है,
तेरा भक्त है क्यों लाचार,
ओ खाटू वाले,
अब सुनलें मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले।bd।

---

अब सुनले मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले,
सब कुछ मैं गया हूँ हार,
ओ खाटू वाले,
अब सुनलें मेरी पुकार,
ओ खाटू वाले।bd।

**Singer – Ram Shankar Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com